भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
कार्यालय मुख्य महाप्रबन्धक दूरसंचार
विपणन शाखा, कमरा न0.07, दूरसंचार भवन, लाल कोठी, जयपुर . 302015
दूरभाष न0: 0141.2743316, फैक्स न0.: 0141.2743286

प्रेस विज्ञप्ति क्रमांक: 14/2021
(27.3.2021)

बीएसएनएल कार्यालय रविवार को भी खुलेंगे

बीएसएनएल ने अपने सम्माननीय उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस माह रविवार 28.3.2021 को बीएसएनएल के सभी कैश काउंटर, ग्राहक सेवा केंद्र और बीएसएनएल कार्यालयों को आम दिनों की तरह खुले रखने का निर्णय किया है।
इस संबंध में बीएसएनएल राजस्थान दूरसंचार परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री संदीप गोविल ने बताया कि बीएसएनएल मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देशों के तहत मार्च एंडिंग को देखते हुए, सम्पूर्ण राजस्थान में भी, बीएसएनएल के सभी कैश काउंटर, ग्राहक सेवा केंद्र और बीएसएनएल कार्यालय आम दिनों की तरह रविवार 28.3.2021 को खुले रहेंगे ताकि उपभोक्ताओं को अपने बिल जमा करवाने, मोबाइल रिचार्ज करवाने तथा अन्य बीएसएनएल सेवाओं को लेने के संबंध में कोई परेशानी न हो। मुख्य महाप्रबंधक श्री संदीप गोविल ने कहा कि बीएसएनएल अपने सम्माननीय उपभोक्ताओं की सेवा में सदैव तत्पर रहा है।

(विकास चंदेलिया)
जन सम्पर्क अधिकारी